प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के तीसरे कार्यकाल की आज पहली वर्षगांठ–प्रदेश में भी विभिन्न क्षेत्रों में विकास के कई कार्य हुए।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जोधपुर दौरे पर–कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज पुष्कर और ब्यावर में 'वंदे गंगा'जल संरक्षण–जन अभियान के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।
- प्रदेश के कई जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में –सात से अधिक जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पंहुचा।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के तीसरे कार्यकाल की आज पहली वर्षगांठ है। श्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 11 सालों में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। पिछले एक साल में राजस्थान में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। रेल्वे विद्युतीकरण और अमृत भारत स्टेशन योजना से परिवहन को आधुनिक बनाया गया। बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना ने स्वच्छ ऊर्जा में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढाया और जल जीवन मिशन के तहत लाखों घरों तक नल से जल पंहुचा। आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ। नवरेरा–महलपुर बैराज और जलसेतु परियोजना से जलप्रबंधन मजबूत हुआ। आईआईटी जोधपुर का विस्तार उच्च शिक्षा में राज्य की भूमिका को सशक्त बनाता है जबकि पीकेसी–ईआरसीपी नहर परियोजना पूर्वी राजस्थान के लिए जल संकट से राहत का बडा समाधान बनकर उभर रही है।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जोधपुर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री बिरला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी परिसर स्थित नव–निर्मित व्याख्यान कक्ष का उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 'खेल–खेल में विज्ञान' नामक विज्ञान कॉमिक्स श्रृंखला का विमोचन भी होगा, जो बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

----

0000

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चलाये जा रहे गिव अप अभियान में जयपुर जिला प्रदेश में शीर्ष पर पंहुच गया है। जिले में अब तक 1 लाख 88 हजार 255 व्यक्तियों ने योजना से स्वेच्छा से अपना नाम हटाया है। साथ ही 1 लाख 81 हजार 485 नये पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची में जोडा गया है। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में जयपुर पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि 30 जून 2025 तक स्वेच्छा से योजना छोडने वालो के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

0000

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को खेती नई और उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। इसी कडी में पाली के गांवों में कृषि विभाग की ओर से शिविर लगाया गया। इस शिविर में किसानों को जैविक खेती मॉड्यूल, रासायनिक मुक्त और पर्यावरण अनुकूल खेती की ओर प्रेरित किया गया।

----

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'वंदे गंगा'जल संरक्षण–जन अभियान के तहत आज पुष्कर और ब्यावर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर के मेला ग्राउंड में एक सभा को भी संबोधित करेंगे। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि इसके बाद मुख्यमंत्री कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।

-----

इससे पहले कल जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, जिला कलक्टर लोक बन्धु और पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को देखते हुए तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के तहत कल जयपुर के सांगानेर तहसील की भापुरा की बावड़ी से प्रभात फेरी और जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी तादाद में जन प्रतिनिधियों, स्कूली छात्र–छात्राओं, नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान साफ–सफाई, पौधारोपण और पक्षियों के लिए परिंडा वितरण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में लोगों ने श्रमदान भी किया। इसी कडी में जैसलमेर में अभियान को लेकर आमजन में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके तहत नये अमृत सरोवरों, नई जल संग्रहण और जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों का शुभारंभ, हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण, प्राचीन तालाब जोहड़ की साफ–सफाई और मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। करौली में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। बारां जिले के अंता में कल जन जागरुकता रैली का आयोजन कर आमजन को जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

0000

जैसलमेर में चल रहे ग्रेट इंडियन बस्टर्ड–गोडावण संरक्षण प्रयासों से इस साल अब तक कुल 21 नवजात गोडावण चूज़ों का जन्म हुआ है। इन नवजातों को देश की सैन्य सफलता 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े नाम दिए गए हैं। डीएफओ बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि आपरेशन सिंदूर के दौरान जन्मे चूजों के नए नाम सिंदूर, एटम, मिश्री, व्योम, सोफिया रखे गये हैं।

-----

0000

प्रदेश के कई जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। सात से अधिक जिलों में पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 47 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया। बीकानेर में 46 डिग्री तथा बाड़मेर, चूरू, फलौदी, जैसलमेर और कोटा में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। चूरू, भरतपुर, पाली, कोटा और बारां सहित विभिन्न जिलों में झुलसा देने वाली गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। गर्मी से कई शहरों के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और दिन के समय लोगों की आवाजाही भी कम रही। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज भी बीकानेर और श्रीगंगानगर सहित कुछ जिलों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। साथ ही तापमान में दो डिग्री तक बढोतरी होने की संभावना है।

0000

भारतीय डाक विभाग राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में 20 जून को क्षेत्रीय डाक अदालत का आयोजन करेगा। ये अदालतें जोधपुर, सिरोही, पाली, जैसलमेर, नागौर, बाड़मेर, जालोर, चूरू, बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में डाक सेवाओं के उपभोक्ताओं के लिए लगाई जायेंगी। सहायक निदेशक डाक सेवाएं ने बताया कि उपभोक्ता डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतों के लिए 13 जून तक आवेदन कर सकते है।

00000